आकाशवाणी देहरादून (उत्तराखण्ड)

गुरुवार 14.05.2026 समय 1830

**मुख्य समाचार :—**

- निर्वाचन आयोग ने उत्तराखंड सहित 16 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में विशेष गहन पुनरीक्षण— एसआईआर के तीसरे चरण की घोषणा की। उत्तराखण्ड में पहली जुलाई की अर्हता तिथि के आधार पर एसआईआर प्रक्रिया संपन्न की जाएगी।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में 307 नव नियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। कहा — राज्य में सभी भर्ती प्रक्रियाएं पूरी पारदर्शिता से हो रही है।
- प्रदेश के खेल छात्रावासों को खेल नर्सरी के रूप में विकसित करने की योजना के तहत इसका एक पायलट प्रोजेक्ट इसी साल शुरू किया जाएगा।
- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने लोक भवन में "एआई थीम रूम" का उद्घाटन करने के साथ ही "एआई ऑन व्हील्स" वाहन का फ्लैग ऑफ किया।

**विशेष गहन पुनरीक्षण**

निर्वाचन आयोग ने आज विशेष गहन पुनरीक्षण— एसआईआर के तीसरे चरण की घोषणा की है। इसे उत्तराखंड सहित 16 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में चरणबद्ध तरीके से चलाया जाएगा। उत्तराखण्ड में पहली जुलाई की अर्हता तिथि के आधार पर एसआईआर प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्त ने बताया कि आयोग द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में प्रदेश में 29 मई से 7 जून तक गणना प्रपत्र के प्रिंटिग और कर्मचारियों के प्रशिक्षण सम्बंधी कार्य सम्पादित किए जाएंगे। आठ जून से सात जुलाई तक बीएलओ द्वारा घर—घर जाकर गणना प्रपत्र का वितरण और संकलन करेंगे। उत्तराखण्ड में 14 जुलाई को ड्राफ्ट रोल का प्रकाशन किया जाएगा। इसी क्रम में 14 जुलाई से 13 अगस्त के बीच दावे और आपत्तियों को दर्ज करने का समय दिया गया है। इसी बीच, 10 जुलाई से 11 सितंबर तक सभी नोटिस जारी कर दावे आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। आयोग के निर्देशानुसार 15 सितंबर को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि उत्तराखण्ड में 11 हजार 733 पोलिंग बूथ के सापेक्ष वर्तमान में प्रदेश में राजनैतिक दलों ने 21 हजार 808 बीएलए की तैनाती कर दी है।

**नियुक्ति पत्र**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून में 307 नव नियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। इनमें 243 चिकित्सा अधिकारियों, 42 फार्मासिस्ट, उद्यान विभाग के अन्तर्गत 22 प्रयोगशाला सहायकों और मशरूम पर्यवेक्षकों शामिल हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नव नियुक्त चिकित्सा अधिकारियों और स्वास्थ्यकर्मियों से कहा कि वे संवेदनशीलता, समर्पण और सेवा भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लागू किए गए सख्त नकल विरोधी कानून का परिणाम है कि पिछले साढ़े चार वर्षों में 32 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां मिली हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में सभी भर्ती प्रक्रियाएं पूरी पारदर्शिता से हो रही है।

**हैल्थ क्लब**

हरिद्वार जिले के रोशनाबाद पुलिस लाइन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह की पहल पर पुलिस जवानों और उनके परिवारों के लिए अत्याधुनिक हैल्थ क्लब बनाया जा रहा है। राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने सांसद निधि से लगभग 25 लाख रुपये की लागत से बनने वाले इस हेल्थ क्लब हॉल का आज भूमि पूजन किया। उन्होंने कार्य को जल्द पूरा करने और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने पर जोर दिया।

**लोकार्पण**

कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज पौड़ी गढ़वाल के पाबौ विकासखंड में विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पाबौ क्षेत्र में संचालित विकास कार्य स्थानीय जनता की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने, आधारभूत सुविधाओं का विस्तार करने और आमजन को बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में तेजी से प्रयास किए जा रहे हैं। इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने जरूरतमंद लाभार्थियों को सहायता राशि के चेक वितरित किए और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाबौ का निरीक्षण कर मरीजों का हालचाल जाना।

**खेल मंत्री**

प्रदेश के खेल छात्रावासों को खेल नर्सरी के रूप में विकसित करने की योजना के तहत इसका एक पायलट प्रोजेक्ट इसी साल शुरू किया जाएगा। इसके अलावा राज्य में विभिन्न खेलों को बढ़ावा देने के लिए ''एक जिला– एक खेल'' की नीति तय कर दी गई है। इसके तहत सभी जिलों के लिए एक–एक खेल का चयन किया गया है। खेल मंत्री रेखा आर्या ने आज सचिवालय में आयोजित विभगीय बैठक की समीक्षा के बाद ये जानकारी दी।

खेल मंत्री ने कहा कि चम्पावत जिले में महिला स्पोर्ट्स कॉलेज, लोहाघाट में प्रवेश के लिए प्रतिभाशाली छात्राओं को एक मौका और दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभी तक महिला स्पोर्ट्स कॉलेज में प्रवेश के लिए एक हजार से ज्यादा आवेदन आ चुके हैं। लेकिन जानकारी के अभाव में अगर कुछ मेधावी बालिकाएं आवेदन नहीं कर सकी हैं, तो उनका स्पॉट ट्रायल के जरिए प्रवेश किया जाएगा। बैठक में अधिकारियों को 38वें राष्ट्रीय खेलों में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को आउट ऑफ टर्न नौकरी देने की प्रक्रिया को तेज करने के निर्देश भी दिए गए।

**राज्यपाल**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने आज लोक भवन में "एआई थीम रूम" का उद्घाटन करने के साथ ही "एआई ऑन व्हील्स" वाहन का फ्लैग ऑफ किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि आज उत्तराखण्ड में एक नई तकनीकी क्रांति की शुरूआत हुई है और यह क्रांति देश की युवा शक्ति तथा "अमृत पीढ़ी" के नेतृत्व में आगे बढ़ रही है। राज्यपाल ने कहा कि "एआई थीम रूम" नवाचार, अनुसंधान और जनभागीदारी का एक जीवंत केंद्र बनेगा, जहां युवा केवल तकनीक का उपयोग ही नहीं सीखेंगे, बल्कि समस्याओं के समाधान भी विकसित करेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि यहां से निकलने वाले स्टार्टअप्स और शोध कार्य उत्तराखण्ड को नई तकनीकी दिशा प्रदान करेंगे। राज्यपाल ने "एआई ऑन व्हील्स" पहल को सराहनीय बताते हुए कहा कि यह मोबाइल ए.आई केंद्र प्रदेश के दुर्गम पर्वतीय क्षेत्रों और सुदूर गांवों के विद्यार्थियों तक आधुनिक तकनीकी शिक्षा

पहुंचाने का माध्यम बनेगा। उन्होंने कहा कि यह पहल डिजिटल अंतराल को समाप्त कर समाज के अंतिम व्यक्ति तक तकनीक की पहुंच सुनिश्चित करेगी। गौरतलब है कि लोक भवन में स्थापित ए.आई थीम रूम एक अत्याधुनिक तकनीकी और नवाचार केंद्र है। इसका उद्देश्य उत्तराखण्ड में तकनीकी असमानता को कम करना और उन लोगों को आधुनिक तकनीकी संसाधनों तक पहुंच प्रदान करना है, जिन्हें सामान्यतः ऐसी सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पातीं। वहीं, ए.आई ऑन व्हील्स एक अत्याधुनिक मोबाइल तकनीकी प्रयोगशाला है, जिसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और उभरती तकनीकों को उत्तराखण्ड के दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है।

**रोजगार मेला**

कम्प्यूटर और तकनीकी प्रशिक्षण ले चुके पूर्व सैनिक आश्रितों के लिए आज देहरादून में रोजगार मेला आयोजित किया गया। इस अवसर पर सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने चयनित लोगों को नियुक्त पत्र वितरित किए और निजी कंपनियों के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर सैनिक कल्याण मंत्री ने कहा कि पिछले दो वर्षों में सैनिक कल्याण विभाग और सूचना प्रौद्योगिकी विकास एजेंसी के संयुक्त प्रयासों से 628 पूर्व सैनिक आश्रितों को कम्प्यूटर और तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया है। जबकि वर्तमान में 227 आश्रित प्रशिक्षण ले रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि यह रोजगार मेला केवल नौकरी प्राप्त करने का अवसर नहीं, बल्कि "स्किल इंडिया" और "आत्मनिर्भर भारत" के संकल्प तथा युवा–सशक्त और आत्मनिर्भर उत्तराखंड के विज़न को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध होगा।